This question paper contains 4 printed pages.]

आपका अनुक्रमांक ....

3321

Concurrent Course for Hon. Prog. B

HINDI LANGUAGE (Lower) – Qualifying Course

हिन्दी भाषा (अवर) – योग्यता प्रदायी पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे **पूर्णांक : 50**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

नोट : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम **350** शब्दों में लिखिए :

1. भाषा और बोली के अन्तर पर प्रकाश डालिए । 7

अथवा

हिन्दी भाषा के विभिन्न क्षेत्रों का परिचय दीजिए ।

2. हिन्दी भाषा का सामान्य परिचय दीजिए । 7

अथवा

हिन्दी वर्तनी के मानकीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए ।

3. (क) पहले वाक्य में **संज्ञा** और **सर्वनाम** तथा दूसरे वाक्य में से विशेषण और क्रिया छाँटिए : 2

(i) सुषमा को उसकी बहन पढ़ाती है ।

(ii) ऋषभ नीली कमीज़ पहन कर स्कूल जाता है ।

(ख) किन्हीं **दो** के विलोम लिखिए : 1

उत्कर्ष, अर्थ, नश्वर, दुर्लभ

(ग) किन्हीं **दो** के **दो-दो** पर्याय लिखिए : 2

राजा, सूर्य, पत्थर, अमृत

(घ) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

प्रतीयोगिता, दयालू, पराकर्म, आर्शीवाद, श्रंगार, धोका

(ङ) किन्हीं **दो** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 2

(i) मैंने विद्यालय जाना है ।

(ii) हरेक आदमी आएँगे ।

(iii) लड़के और लड़कियाँ पढ़ रही हैं ।

(iv) मैं अनेकों बार जयपुर गया हूँ ।

(च) किन्हीं **दो** मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए : 2

(i) दाल में काला होना ।

(ii) कलेजा छलनी होना ।

(iii) आँखें फेर लेना ।

(iv) आँच न आने देना ।

(छ) किन्हीं **दो** लोकोक्तियों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2

(i) आम के आम गुठलियों के दाम ;

(ii) झूठ के पाँव नहीं होते ;

(iii) एक हाथ से ताली नहीं बजती ;

(iv) जिस पत्तल में खाना उसी में छेद करना ।

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए (अधिकतम 200 शब्द) : 5

(क) जहाँ चाह वहाँ राह ;

(ख) पर उपदेश कुशल बहुतेरे ।

अथवा

किसी **एक** पर अनुच्छेद लिखिए :

(क) भ्रष्टाचार : विविध रूप ।

(ख) बढ़ता जल-संकट ।

5. अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को छात्रवृत्ति हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए । 8

अथवा

अपने क्षेत्र की पार्किंग-अव्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखिए ।

6. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए (400 शब्द) : **10**

(i) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार-मेला

(ii) स्वास्थ्य और पर्यावरण

(iii) क्रिकेट की लोकप्रियता

(iv) फिल्म और फैशन